**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 06.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><><><><>

- उप राज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने कल राज निवास में मुख्य सचिव और अनिडको के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
- दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त ने पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया।
- अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह जारवा को पहली बार मतदाता कार्ड जारी किया।
- गर्ल्स स्कूल में आज से राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी– ज्ञानोदय का आयोजन किया जाएगा।
- पुणे में चल रहे नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में भारतीय खेल प्राधिकरण श्री विजयपुरम की महिला रोइंग टीम ने रजत पदक जीता।

<><><><><><><><><><>

कल राज निवास में द्वीपों के उप राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार और अनिडको के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मेगापोड रिसॉर्ट और इको–टूरिज्म परियोजनाओं, लॉन्ग आइलैंड, एवेस आइलैंड, शहीद द्वीप और स्मिथ आइलैंड के पीपीपी मोड में विकास पर सलाहकार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट की समीक्षा की गई।

<><><><><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने कल पीएम स्वनिधि योजना के दस लाभार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मान्यता प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पीएम स्वनिधि योजना जो रेहड़ी पटरी वालों को ऋण प्रदान कर उनके व्यवसाय को विकसित करने में उन्हें सक्षम बनाता है। जिला उपायुक्त ने रेहड़ी पटरी वालों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करने के लिए पीएम स्वनिधि योजनाओं के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

<><><><><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण ने कल विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह जारवा को पहली बार मतदाता कार्ड जारी किया। जारवाओं को मतदाता सूची में शामिल करना एक ऐतिहासिक कदम है। जारवाओं को सशक्त बनाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनके गांव में नए मतदाता फोटो पहचान पत्र जारी करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य सचिव के साथ दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनायक चमड़िया ने जारवा गांव का दौरा किया। इस पहल के तहत, उन्नीस जारवाओं को मतदाता सूची में सफलतापूर्वक नामांकित किया गया है, जो इन समुदायों को लोकतांत्रिक ढांचे में एकीकृत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह पहल न केवल इन आदिवासी सदस्यों के संवैधानिक अधिकारों को सुनिश्चित करती है, बल्कि चुनावी प्रक्रिया में समानता और समावेशिता को बढ़ावा देने के व्यापक उद्देश्य को भी दर्शाती है।

<><><><><><><><><><>

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत रामपुर ग्राम पंचायत के सम्मेलन कक्ष में 'ग्राम सभा में निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने' विषय पर एक ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का उद्देश्य

महिलाओं को सशक्त बनाना और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में विस्तार अधिकारी अनिंदिता दत्ता ने समावेशी समाज के निर्माण में महिलाओं को अवसर देने के महत्व पर जोर दिया। यह पहल लैंगिक समानता और समाज में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने की दिशा में एक कदम है।

<><><><><><><>

शिक्षा निदेशालय के तहत उप–निदेशक शिक्षा की ओर से आज और कल राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी दो हजार चौबीस–पच्चीस–ज्ञानोदय का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष का विषय है एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी। गर्ल्स स्कूल में आयोजित होने वाले ज्ञानोदय प्रदर्शनी का उद्घाटन आज सुबह नौ बजकर पैंतालीस मिनट पर होगा। प्रदर्शनी में सभी नौ शैक्षिक अंचल के छात्र शामिल होंगे, जो विज्ञान, गणित और शिल्प पर अपने नमूने प्रदर्शित करेंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िले के तहसीलदार कार्यालय में हाल ही में हिट–एंड–रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए विशेष शिविर आयोजित किया गया। हिट–एंड–रन मोटर दुर्घटनाओं के पीड़ितों को दिए जाने वाले मुआवजे को बढ़ाने के मुद्दे को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य एक अप्रैल दो हजार बाईस से हिट–एंड–रन घटनाओं में शामिल पीड़ितों या उनके परिजनों की सहायता करना है। शिविर के दौरान कुल तीन आवेदन प्रस्तुत किए गए। यह पहल पीड़ितों के अधिकारों और कल्याण की रक्षा करने, समय पर सहायता और वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिक जानकारी के लिए श्री विजयपुरम के तहसीलदार कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

पुणे महाराष्ट्र में चल रहे चवालीसवें जूनियर और सातवें इंटर स्टेट चैलेंजर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में भारतीय खेल प्राधिकरण श्री विजयपुरम की महिला रोइंग टीम ने रजत पदक जीता। इस प्रतियोगिता में दो हजार मीटर स्पर्धा में स्नेहा टोप्पो और पी. अलगम्मल ने यह पदक जीता। इस जीत के बाद उत्तराखंड में जनवरी दो हजार पच्चीस में होने वाली राष्ट्रीय खेलों के लिए इन दोनों खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य विशेषज्ञ के एक पद के लिए अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए होने वाली नियुक्ति के वास्ते आज ऑनलाइन साक्षात्कार लिया जाएगा। उम्मीदवारों को सुबह दस बजे स्वास्थ्य निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित रहने को कहा गया है।

उधर, ग्रामीण विकास, पंचायती राज और शहरी स्थानीय निकाय में युवा पेशेवर और दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ब्लॉक स्तरीय सी डी ब्लॉक, लिटिल अंडमान तथा ननकौड़ी में डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के दो पदों पर अनुबंध के आधार पर ग्यारह महीने के लिए नियुक्ति की जाएगी। युवा पेशवर के लिए उम्मीदवार की आयु तीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को प्रतिमाह बत्तीस हजार पांच सौ रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। डेटा एन्ट्री ऑपरेटर के लिए उम्मीदवार की आयु पचपन वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। इन्हें प्रतिमाह पन्द्रह हजार रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। आवेदन करने की अंतिम तिथि दस दिसम्बर शाम पांच बजे तक है। चयनित उम्मीदवारों की सूची सोलह दिसम्बर को विभाग की वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

कार निकोबार के कृषि विभाग की ओर से कल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सवाई में विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय है "मिट्टी की देखभालः माप, निगरानी, प्रबंधन"। इस अवसर पर कृषि अधिकारी आर. भू भारती ने विश्व मृदा दिवस के महत्व के बारे में जानकारी दी और मृदा प्रबंधन प्रक्रिया का मार्गदर्शन करने के लिए सटीक मृदा डेटा की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मिट्टी की विशेषताओं, इसकी संरचना और कृषि में महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी विस्तार से बताया। कृषि क्षेत्र सहायक अब्दुल हमीद ने मृदा जैव विविधता, इसके महत्व और इसकी संरक्षण की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधक वी.एम. मुबाशिरा बेगम ने बेहतर

कृषि के लिए मृदा प्रबंधन और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने को कहा। स्कूल की शिक्षिका समीना बानू ने विद्यार्थियों को अपने परिवार और समुदाय में मिट्टी के स्वास्थ्य और प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में शिक्षकों और अस्सी से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

समग्र क्षेत्रीय केन्द्र की ओर से अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और उनके परिवारों के लिए वंडूर बीच पर एक दौरे का आयोजन किया गया। विशेष बच्चे–समावेशिता और खुशी– विषय पर आधारित

इस कार्यक्रम को वार्ड नंबर छह के पार्षद और अटल फाउंडेशन के अध्यक्ष अजीज उर रहमान, पर्यटन संघ के अध्यक्ष मोहम्मद शब्बीर हुसैन और होप फाउंडेशन की फरीदा बीबी के सहयोग से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में कई आकर्षक गतिविधियों के साथ–साथ बच्चों और उनके परिवारों के साथ बातचीत की गई।

<><><><><><><>